लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1108
दिनांक 08.02.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

ग्रामीण कारीगरों को सहायता देने हेतु योजनाएं

1108. श्री श्याम सिंह यादव:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास उत्तर प्रदेश में ग्रामीण कारीगरों को सहायता देने और बढ़ावा देने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो इन योजनाओं के माध्यम से सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की जिले-वार संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (ख): महोदय, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय, समग्र रूप में हस्तशिल्प के विकास एवं संवर्धन हेतु तथा उत्तर प्रदेश सहित देश भर के सभी कारीगरों को सतत आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए "राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी)" एवं व्यापक हस्तशिल्प कलस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस) कार्यान्वित करता है। एनएचडीपी एवं सीएचसीडीएस के निम्नलिखित घटक हैः

1. विपणन सहायता एवं सेवाएँ
2. हस्तशिल्प क्षेत्र में कौशल विकास
3. अंबेडकर हस्तशिल्प विकास योजना
4. कारीगरों को प्रत्यक्ष लाभ
5. इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं प्रौद्योगिकी सहायता
6. अनुसंधान एवं विकास
7. मेगा कलस्टर

गत वर्ष उत्तर प्रदेश राज्य में इन योजनाओं के माध्यम से सहायता प्राप्त लाभार्थियों का ब्यौरा निम्नलिखित है। तथापि, यह कार्यालय लाभान्वित कारीगरों का जिले-वार ब्यौरा नहीं रखता है।

उत्तर प्रदेश में गत वर्ष के दौरान योजनाओं के तहत लाभान्वित कारीगर	
राज्य	**लाभान्वित कारीगर**
उत्तर प्रदेश	27,147

*****